<u>प्रादेशिक समाचार एकांश</u>

<u>आकाशवाणी, भो□ाल</u>

<u>दो□हर समाचार</u>

दिनांक : 23.02.2026 **समय: 02.10PM**

<u>एआई इम्पैक्ट समिट</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रशंसा हुई है। उन्होंने कहा कि इस समिट ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवाओं की दूरदर्शी सोच मानवता को कितना लाभ पहुंचा सकती है।

<u>अमित शाह – भारत टैक्सी</u>

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और लाभ चालकों को दिलाना है, न कि सहकारी समिति को।

श्री शाह ने कहा कि यह पहल चालकों के कल्याण और यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक मंच बन रही है।

<u>कृषि प्रौद्योगिकी मेला</u>

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में औषधीय और मसाला फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आज भोपाल निवास से ग्वालियर में आयोजित "कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026" को वर्चुअली संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में मंडी निर्यात नीति लाने की तैयारी है।

<u>राष्ट्रीय संगोष्ठी</u>

उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। घुमंतू एवं विमुक्त समुदायों की परंपरा, साहित्य और संस्कृति एवं भक्ति काव्य' के विविध आयामों पर केंद्रित इस संगोष्ठी में देश के कई राज्यों के विशेषज्ञ और शोधकर्ता भाग ले रहे है। इस संगोष्ठी में अलग–अलग महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श होगा। संगोष्ठी में आज 'विमुक्त एवं घुमंतु समुदायों की परंपराओं में लोक साहित्य एवं संस्कृति के विविध आयाम' पर विशेष संगोष्ठी सत्र आयोजित होगा। वहीं, कल 'भक्तिकालीन साहित्यः विविध धाराओं का वैशिष्ट्य और युगीन प्रासंगिकता' विषय पर मंथन किया जाएगा।

<u>वन्य जीव पर्यटन</u>

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना है, इसके अंतर्गत जबलपुर और उज्जैन में गतिविधियां आरंभ हुई हैं। उन्होंने कहा कि जहां अभयारण्य हैं, वहां रेस्क्यू सेंटर की व्यवस्था की जाएगी। देश–दुनिया में विलुप्त हो रही वन्य प्रजातियां मध्यप्रदेश में पुनर्जीवित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में जंगली भैंसा भी लाए जा रहे हैं, साथ ही बोत्सवाना से 8 चीते भी लाए जाएंगे।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी हिस्से के 8 जिलों में बारिश, गरज–चमक और आंधी की संभावना जताई है। इन जिलों में सिंगरौली, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट शामिल हैं। विभाग के अनुसार, दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया सक्रिय है। इसी क्षेत्र से एक टर्फ लाइन भी गुजर रही है, जिसका असर प्रदेश के मौसम पर दिखाई देगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों –सिवनीमालवा,होशंगाबाद,सोहागपुर और –पिपरिया की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

- जबलपुर स्थित केंद्रीय सुरक्षा संस्थान आयुध निर्माणी खमरिया को 2025 का "गोल्डन पिकॉक अवॉर्ड एचआर एक्सीलेंस " प्राप्त हुआ है।

- एनटीपीसी विन्ध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सिंगरौली ज़िले के लाभार्थियों को सहायक सामग्री वितरित की।

- शिवपुरी जिले में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत 26 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।